सचिव डेयर और महानिदेशक भाकृअनुप द्वारा राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो का दौरा

25.04.2026, लखनऊ

दिनांक 25.04.2026 को माननीय सचिव डेयर और महानिदेशक आईसीएआर, डॉ. एम. एल. जाट द्वारा भाकृअनुप-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो का दौरा किया गया। उन्होंने जलीय आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण, विकास एवं प्रबंधन के लिए किए जा रहे प्रयासों, गतिविधियों एवं उपलब्धियों की सराहना की। उनके साथ भाकृअनुप के उपमहानिदेशक (मात्स्यिकी) डॉ. जे. के. जेना; भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. दिनेश सिंह; तथा केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. टी. दामोदरन भी मौजूद थे। संस्थान के निदेशक डॉ. काजल चक्रबर्ती ने उनका स्वागत किया तथा उन्हें संस्थान की गतिविधियों एवं उपलब्धियों के विषय में अवगत कराया। महानिदेशक द्वारा संस्थान के कार्मिकों के साथ संवाद किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जलीय जैवविविधता संरक्षण तथा आनुवंशिक संसाधनों के समुचित प्रबंधन के माध्यम से अपनी पूरी क्षमता तथा उपलब्ध संसाधनों के और बेहतर उपयोग द्वारा मछुवा समुदाय व किसानों की खुशहाली के लिए कार्य करना ही हमारा परम लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में सेवा का अवसर दुर्लभ है और हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें अन्नदाताओं की सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने वैज्ञानिकों से उत्तम अनुसंधान द्वारा मात्स्यिकी क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाने व रोजगार सृजन के माध्यम से आजीविका उन्नयन द्वारा समाज में आर्थिक समपन्नता लाने की दिशा में निरंतर संलग्न रहने का आह्वान किया।